# सवा महीने बाद डाट की पुल रोड फिर शुरू, लोगों को दो किलोमीटर घूम कर नहीं जाना पड़ेगा



रतलाम | सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण के चलते बंद किया डाट की पुल का रोड गुरुवार से फिर से शुरू हो गया है। रोड बंद होने से लोगों को एक से डेढ़ किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा था। सबसे ज्यादा परेशानी रेलवे कर्मचारियों को आ रही थी। डीआरएम ऑफिस से रेलवे कॉलोनी महज 200 फीट दूर है लेकिन डीआरएम ऑफिस के कर्मचारियों को भी घूम कर जाना पड़ रहा था। त्योहार के पहले रोड शुरू करने से लोगों को राहत मिली है। रोड निर्माण के चलते श्रीराम मंदिर पर वाहनों का दबाव बढ़ गया था। इससे बार-बार जाम लग रहा था वो परेशानी भी दूर हुई है।

दे. भास्कर 8/10/21

जिला प्रशासन ने जारी की त्योहारों पर संशोधित गाइडलाइन

# रात 10 बजे तक गरबा, रावण दहन भी होगा

## सोसाइटी और कॉलोनियों में पंडाल की क्षमता से 50 प्रतिशत लोगों को गरबे की अनुमति, धारा 144 के तहत बढ़ाया गया छूट का दायरा

जनता की आवाज पर
**बदलाव**





पत्रिका में लगातार खबरों के प्रकाशन के बाद प्रशासन ने गरबे की अनुमति दी, इसके साथ ही नवरात्र के पहले दिन शहर में गरबा रास शुरू हुआ।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नवरात्र पर गणेशोत्सव की तरह गाइडलाइन रखने संबंधी जनता की मांग पर आखिरकार जिला प्रशासन ने अपनी पूर्व की गाइडलाइन में संशोधन कर दिया है। सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने कोरोना प्रोटोकॉल के तहत त्योहारों के दौरान धारा 144 में आंशिक छूट के नए आदेश जारी कर दिए हैं। अब कॉलोनियों और मोहल्लों में स्थानीय समितियां रात 10 बजे तक गरबा करा सकती हैं। साथ ही करीब 50 प्रतिशत लोग गरबा कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रह सकते हैं। दशहरा पर रावण का दहन भी सक्षम अनुमति पर हो सकेगा। वहीं, चल समारोह आदि भी प्रतिकात्मक तौर पर होंगे। हालांकि बड़े व वृहद स्तर पर होने वाले ऐसे सभी आयोजन पर रोक रहेगी।

### डीजे आदि की अनुमति रात 10 बजे तक

कार्यक्रम, समारोहों में डीजे, बैण्डबाजें की अनुमति रात्रि 10 बजे तक रहेगी। सार्वजनिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में प्रोटोकॉल ( फेस मास्क , सैनेटाइजर , 2 गज की दूरी गोले बनाना व रस्सी बांधना ) का पालन अनिवार्य होगा।

### इन पर जारी है प्रतिबंध....

सभी सामाजिक, राजनैतिक, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन, मेले, धार्मिक चल समारोह जिनमें जनसमूह एकत्र होता है, प्रतिबंधित रहेगें।

### माता के दर्शन को उमड़ी आस्था... कालिका के दरबार में लगी कतार



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने पूर्व के प्रतिबंधात्मक आदेशों के तहत कई मामलों में छूट का दायरा बढ़ाया गया है। गरबा आयोजन सोसाइटियों, कॉलोनियों, मोहल्लों में, कॉलोनी में स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत की क्षमता तक की उपस्थिति में कलेक्टर को सूचित कर आयोजित किया जा सकेगा। भगवान श्रीराम का चल समारोह प्रतिकात्मक रूप से होगा। रावण दहन के पूर्व परंपरागत चल समारोह प्रतिकात्मक रूप से अनुमति आधारित होगा। रामलीला तथा रावण दहन खुले मैदान में फेस मास्क तथा सोशल डिस्टेंसिंग की शर्त पर कलेक्टर की पूर्वानुमति प्राप्त कर किए जा सकेंगे। रामलीला का आयोजन मैदान, हॉल की क्षमता की 50 प्रतिशत सीमा तक दर्शक शामिल हो सकेंगे। रावण दहन के वृहद आयोजन, जिनका स्वरूप मेले समान होता ह उनकी अनुमति नहीं होगी।

### 15 से पूरी क्षमता से चलेंगे कोचिंग

कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण हॉल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेगें। 15 अक्टूबर से 100 प्रतिशत की क्षमता पर कोचिंग संस्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो सकेगें। सभी धार्मिक, पूजा स्थल की क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक श्रद्धालु, अनुयायी उपस्थित रह सकेंगे। दुकानें, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सिनेमाघर एवं थिएटर क्षमता के 50 प्रतिशत की सीमा तक संचालित किए जा सकेंगे।

### 15 से हटेगा इनका प्रतिबंध

जिम एवं फिटनेस सेंटर्स, योगा केन्द्र का संचालन इनकी क्षमता के 50 प्रतिशत क्षमता तक कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संचालित किए जा सकेंगे। 15 अक्टूबर से 100 प्रतिशत क्षमता पर संचालन किया जा सकेगा। विवाह आयोजन में दोनों पक्षों के मिलाकर अधिकतम 300 लोगों की उपस्थिति की अनुमति रहेगी। अनुमति के लिए आवेदन 7 दिन पहले देना होगा। 2 दिन पूर्व जांच करवाना अनिवार्य होगा।

पत्रिका 8/10/21

# त्योहार के पहले खुदाई कर भूले, शहरवासियों को घूम कर जाना पड़ रहा





**रतलाम** | त्योहार शुरू हो गए हैं। त्योहार के बीच खुदाई से लोगों को आने-जाने में परेशानी उठाना पड़ रही है। अमृतसागर मुख्य रोड के साथ ही श्रीनगर कॉलोनी में नाला निर्माण के लिए खुदाई की गई। लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया है। इससे लोगों को आने जाने में परेशानी झेलना पड़ रही है।

ये फोटो **अमृतसागर तालाब से रामनगर** जाने वाले मुख्य मार्ग है। पुलिया की मरम्मत के लिए खुदाई की लेकिन अब मरम्मत नहीं की जा रही है। टू व्हीलर को आ जा रहे हैं। लेकिन फोर व्हीलर, बस, ट्रक सहित अन्य बड़े वाहनों को त्रिवेणी रोड से घूम कर जाना पड़ रहा है।

भास्कर

ये फोटो **अमृतसागर कॉलोनी** की है। यहां नाले निर्माण के लिए खुदाई कर छोड़ दिया। इससे लोगों को आने-जाने दिक्कत आ रही है और लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा है।

दे.भास्कर 8/10/21

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव लव कुमार ने कहा

# अगले तीन महीने कोरोना की दृष्टि से खतरनाक

## सरकार किसी भी स्थिति से निपटने पूरी तरह से तैयार

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्र सरकार ने मौजूदा त्योहारी मौसम के मद्देनजर कोरोना महामारी की दृष्टि से अगले तीन महीनों को खतरनाक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि किसी भी तरह की स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी चल रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव लव कुमार और नीति आयोग में स्वास्थ्य सदस्य डा. वीके पाल ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में त्योहारी मौसम चल रहा है। अगले तीन महीने अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर में प्रमुख त्योहार आते हैं और शादी विवाह के समारोह होते हैं। ऐसे में भीड़ एकत्र होती हैं और ऐसे कोविड का संक्रमण फैलता है। इसलिए अगले तीन महीने सतर्क रहना होगा। श्री कुमार अमेरिका, ब्रिटेन, रुस और न्यूजीलैंड का उदाहरण देते हुए कहा कि इन देशों में कोविड मानकों में ढील देने के कारण ही कोरोना की अगली लहर का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगले तीन महीनों के दौरान कोविड मानकों का कड़ाई से पालन जरूरी है अन्यथा भारत में भी खतरनाक स्थिति का सामना करना पड़ सकता है।

**इस अवधि में कोरोना मानकों का कड़ाई से पालन करना जरूरी**

उन्होंने कहा कि देश में 93 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं। लगभग 71 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। हालांकि कुछ राज्यों के कुछ हिस्सों में स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई हैं। पांच राज्यों केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, मिजोरम और कर्नाटक में कोविड मरीजों की संख्या 10 हजार से अधिक है। देश में 28 जिले ऐसे हैं जहां संक्रमण सर्वाधिक हैं। उन्होंने कहा कि कोविड टीकों की उपलब्धता का मुद्दा खत्म हो चुका है। पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों में टीकाकरण का औसत राष्ट्रीय औसत से कम है। इन राज्यों में टीकाकरण का दायरा बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

### देश में टीकाकरण की रफ्तार तेज : डॉ. पाल

डॉ. पाल ने कहा कि देश में टीकाकरण की रफ्तार तेज है और जल्दी ही लक्षित आबादी का टीकाकरण पूरा हो जाएगा और कोविड संक्रमण की दर उतार पर है। लेकिन त्योहारी मौसम को देखते हुए सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। देश के अस्पतालों में 8.36 लाख कोविड समर्पित बिस्तर तैयार किए गए हैं। इसके अलावा 9.69 लाख आइसोलेशन बिस्तर, 4.86 लाख ऑक्सीजन बिस्तर तथा 1.35 लाख आईसीयू बिस्तर उपलब्ध हैं। विदेशी टीकों से संबंधित एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जायडस टीके की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में हैं। रुस की स्पूतनिक का उत्पादन देश में हो रहा है और निजी अस्पताल इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रुस में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ रहा है इसलिए स्पूतनिक की भारतीय आपूर्ति में कुछ देरी हो रही है।

२१७

राज एक्सप्रेस 8/10/21

# तीसरी लहर से बचाव के लिए अगले तीन महीने बेहद अहम

**कोरोना से जंग**

- त्योहारों के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का पालन करने की दी सलाह
- प्रतिदिन 4.5 से पांच लाख नए मरीजों के इलाज की तैयारी पूरी

नई दिल्ली (ब्यूरो)। नवरात्र के साथ शुरू हो रहे त्योहारी सीजन को देखते हुए सरकार ने कोरोना की तीसरी लहर को रोकने के लिए अगले तीन महीने को अहम बताया है और लोगों से भीड़-भाड़ से बचने और कोरोना उचित व्यवहार के पालन का अनुरोध किया है। नीति आयोग के सदस्य और कोरोना टीकाकरण पर गठित उच्च स्तरीय टास्क फोर्स के प्रमुख डाक्टर वीके पाल के अनुसार 71 फीसद जनसंख्या को वैक्सीन की कम से कम एक डोज मिल जाने के बावजूद तीसरी लहर का खतरा बना हुआ है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने देश में कोरोना संक्रमण के मौजूदा आंकड़े पेश करते हुए कहा कि संक्रमण की स्थिति फिलहाल भले ही नियंत्रण में दिख रही हो, लेकिन जरा सी भी लापरवाही से यह बिगड़ सकती है। उन्होंने नवरात्र से लेकर 31 दिसंबर तक त्योहारों और उत्सवों की सूची देते हुए कहा कि इस दौरान लोगों के बड़ी संख्या में बाहर निकलने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने की संभावना है। उन्होंने दुनिया के अन्य देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि बड़ी संख्या में टीकाकरण के बावजूद अनियंत्रित भीड़ के कारण वहां कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ा है। यदि त्योहारों के दौरान लोगों ने कोरोना उचित व्यवहार का पालन नहीं किया और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से दूर नहीं रहे तो भारत में भी स्थिति बेकाबू हो सकती है।

लव अग्रवाल ने बताया कि किस तरह से देश में अब भी नौ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 34 जिलों में कोरोना संक्रमण की दर 10 फीसद से अधिक बनी हुई है, जबकि 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 28 जिलों में यह पांच से 10 फीसद के बीच बनी हुई है। ध्यान देने की बात है कि जुलाई महीने में आइसीएमआर ने अक्टूबर से दिसंबर के बीच कोरोना की तीसरी लहर आने के आशंका जताई थी।

## 204 दिन बाद कोरोना के सक्रिय मामले सबसे कम

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश में 204 दिन बाद पहली बार सक्रिय मामले सबसे कम 2,44,198 दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से गुरुवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में लगातार 13 दिन से नए संक्रमितों की संख्या 30 हजार से कम रही। इन नए मामलों के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 3,38,94,312 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक 93.94 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज उपलब्ध कराई जा चुकी है।

नईदुनिया 8/10/21

**वैक्सीनेशन** • राज्य स्तर की टीम जायजा लेने रतलाम पहुंची, वैक्सीन के डोज का 100% उपयोग करने की हिदायत

# 100% वैक्सीनेशन के लिए मोबाइल टीम शहर में घूमेगी स्थायी केंद्र बनेंगे, बच्चों को टीके लगाने में होगा इस्तेमाल

### लक्ष्य पूरा करने के लिए मैनपावर का भरपूर उपयोग किया जाएगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में वैक्सीनेशन की स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरुवार को राज्य स्तरीय टीम रतलाम पहुंची। टीम ने 100% वैक्सीनेशन के लिए मोबाइल टीम घूमाने का कहा है। वहीं जिले में स्थायी टीकाकरण केंद्र का चयन करने का भी कहा है ताकि भविष्य में जब बच्चों का वैक्सीनेशन होगा, तब उनका उपयोग कर सके।

गुरुवार को राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. संतोष शुक्ला, उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग डॉ. एमके तिवारी, डॉ. सुधीर सोनी, डॉ. रितेश बजाज, डॉ. मनदीप यूएनएनडीपी प्रतिनिधि रतलाम आए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर लोगों से चर्चा भी की। डॉ. संतोष शुक्ला ने जिले में कोविड वैक्सीन का पहला डोज 100% पूरा करने के लिए मोबाइल टीम द्वारा वैक्सीनेशन कराने का कहा है। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए उपलब्ध मानव संसाधन का शत-प्रतिशत उपयोग करें। गर्भवती महिलाओं के वैक्सीनेशन के लिए आशा, आशा सहयोगी, बीसीएम और धात्री महिलाओं के टीकाकरण के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों के टीकाकरण के लिए स्कूली शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्व-सहायता समूहों का सहयोग लें। जिले में कोविड वैक्सीनेशन के लिए स्थायी टीकाकरण केंद्रों का चिन्हांकन करें ताकि भविष्य में बच्चों के कोविड वैक्सीनेशन के समय इनका उपयोग करने की योजना बनाई जा सके। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में केंद्र चिन्हित करने का कहा है।

भास्कर

### दोनों टीके लगें तो मौत में 96% तक ला सकते हैं कमी

डॉ. शुक्ला ने कहा कि कोविड वैक्सीन के दोनों टीके लगवाने से कोविड संक्रमण से होने वाली मृत्यु में 96% तक कमी ला सकते हैं। राज्य दल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नियमित टीकाकरण की मैदानी स्तर पर कार्रवाई के दौरान हाउस टू हाउस निरीक्षण में 50 में से केवल 3 बच्चों का टीकाकरण से छूटना मिला। गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करवाने का कहा है।

**डिमांड और सप्लाई की वाउचर व्यवस्था आदर्श, प्रदेश में लागू करेंगे -** डॉ. संतोष शुक्ला ने कहा कि रतलाम जिले में वैक्सीन की डिमांड और सप्लाई की वाउचर आधारित व्यवस्था आदर्श है। इसे पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। उन्होंने टीकाकरण के लिए टेली कॉलिंग, ट्रेसिंग, ट्रैकिंग के आधार पर शत-प्रतिशत करने का कहा।

दे. भास्कर 8/10/21

## सरकार पता कर रही किस वर्ग के कितने अधिकारी-कर्मचारी

# मप्र में सरकारी कर्मचारियों की जातिगत जनगणना


**27%**
**ओबीसी आरक्षण देने की तैयारी**

### प्रदेश में अब 63 % आरक्षण, 27 % आरक्षण पर हाईकोर्ट में 25 अक्टूबर को सुनवाई

कर्मचारियों का जातिगत गणित

2020 — **452139** पद स्वीकृत

2021 — **319144** कुल कर्मचारी



ओबीसी **42055** (13.2% )
यानी 132995 पद खाली हैं, जिनपर भर्तियां होना है।

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

केंद्र सरकार भले ही जातिगत जनगणना कराने से कतरा रही है, लेकिन मप्र में जातिगत आधार पर कर्मचारियों की गणना पूरी हो गई है। दरअसल नौकरियों में ओबीसी कोटा 14 से बढ़ाकर 27 फीसदी करने का मामला अभी हाईकोर्ट में है जिन याचिकाओं पर रोक लगी है उन्हें छोड़कर बाकी में 27 फीसदी आरक्षण की प्रक्रिया सरकार ने शुरू कर दी है। सरकार अब यह जानना चाह रही है कि शासकीय कार्यालयों में ओबीसी वर्ग के कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और कितने पद अभी खाली हैं। इसके लिए बकायदा सभी कर्मचारियों की गिनती कराई गई है। इसमें पता चला है कि प्रदेश में सितंबर 2021 की स्थिति में कुल 3,19,144 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से ओबीसी के 42055 हैं जबकि 2018 की गणना के हिसाब से प्रदेश में 4,52,139 पद स्वीकृत थे, जिन पर नियमित कर्मचारी कार्यरत थे। यानी अभी प्रदेश में 1,32,995 पद खाली हैं।

### ओबीसी में अभी 66 जातियां कतार अभी और लंबी होगी

मप्र में केंद्रीय सूची के अनुसार ओबीसी में 66 जातियां है, जिनकी उपजातियों की संख्या करीब 175 है। हाल ही में राज्य सरकारों को ओबीसी वर्ग में शामिल जातियों की संख्या बढ़ाए जाने के अधिकार दिए हैं। इसके बाद अन्य जातियों को भी पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की कवायद की जा रही है। प्रदेश में ओबीसी का 14 % से आरक्षण बढ़ाकर 27 % कर दिया गया है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा इसे कोर्ट में चुनौती दी गई है, जिस पर आगामी 25 अक्टूबर को सुनवाई होना है।

### सरकारी तंत्र का हिस्सा हैं ये ओबीसी में शामिल जातियां

प्रदेश में ओबीसी वर्ग के जो कर्मचारी कार्यरत हैं, उनमें अहीर, कुरमी, कुनबी, काछी, कुशवाह, दांगी, मेर, शाक्या, सोनकर, माली, सैनी, लखेरा, किरार, धाकड़, कलार, गड़रिया, कुम्हार, प्रजापति, गाडरी, गुर्जर, लुहार, जाधव, यादव, राउत, थेटवार, बैरागी, बंजारा, बंजारी, बरई, चौरसिया, तमोली, कुमावत, विश्वकर्मा, वासुदेव, गोंधली, भाट, चारन, कहार, मल्लाह, दर्जी, नामदेव, धोबी, मेवाती, कडेरे, कोस्ता, माला, गरवार, ढोली, जोगीनाथ, सुनार, खाती, नोनिया, नाई, पटवा, लोधी, तेली (राठौर, साहू), मानकर, कोटवार जाति शामिल हैं।

### 6% का अंतर : आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों की संख्या अनारक्षित से ज्यादा

मप्र में आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों की संख्या अनारक्षित से ज्यादा हो गई है। वर्तमान में कार्यरत कुल 319144 में से 165944 कर्मचारी आरक्षित और 153200 के करीब कर्मचारी अनारक्षित वर्ग से हैं। इस संख्या के हिसाब से प्रदेश में 53 फीसदी से ज्यादा कर्मचारी आरक्षित वर्ग के हैं और 47 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग से।

**- प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण लागू होने से कुल आरक्षण 63% हो गया है। इसमें 27 % पिछड़ा वर्ग, 20% अनुसूचित जनजाति, 16 % अनुसूचित जाति को दिया जा रहा है। इस तरह प्रदेश में आरक्षण 63 % हो गया है।**

भास्कर

दै. भास्कर 8/10/21




# भाजपा ने राशन दुकानों पर मनाया अन्न उत्सव

रतलाम। मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के 20 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को सेवा और समर्पण अभियान के तहत् अन्न उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर पात्र हितग्राहियों को राशन दुकानों पर नि शुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। थावरीया बाजार क्षेत्र में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा ने खाद्यान्न वितरीत किया उन्होंने कहा कि देश ही नहीं पूरे विश्व में लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पाकर हर भारतीय गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री मोदी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन अनुसार अन्त्योदय का पालन करते हुए अंतिम पक्ति के हर व्यक्ति का कल्याण कर रहे है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी ने की।

इस अवसर पर भाजपा जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारीयों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उपस्थित रहकर सेवा कार्य मे भागीदारी की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सुनील सारस्वत, बलवंत भाटी, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, निर्मल कटारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, जिला मंत्री सोना शर्मा, कार्यक्रम सहप्रभारी मनीषा शर्मा, जिला सहमीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुमार सोनी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, करणधीर्य बडगोत्या, मंडल महामंत्री हेमंत राहोरी, नंदकिशोर पंवार, धर्मेन्द्रसिंह देवडा, राकेश परमार, अनिता कटारा, पूर्व पार्षद मोहन धबाई, अशोक देवडा, प्रकाश बंशीवाल, गोपाल शर्मा, रवि जोहरी, हितेश कामरेड, पवन सोमानी, रेखा जोहरी, ललिता पंचार, मंगल लोढा, आई.टी.जिला सह-संयोजक करन वशिष्ठ, रीना टांक आदि मंडल व वार्ड पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मोजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद मंगल लोढा ने किया एवं आभार पूर्व महामंत्री गोपाल शर्मा ने माना।

राज एक्सप्रेस 8/10/21

# तीस घरों में मिला लार्वा, जांच में डेंगू का मामला नहीं

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर के 383 घरों को सर्वे किया, जिनमें तीस घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। साथ ही एलाइजा जांच की तीस रिपोर्ट में एक भी डेंगू पाजिटिव नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दो दिन से नए मामले नहीं मिल रहे हैं और डेंगू की रफ्तार धीमी हो गई है।

जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिले, जिनका उपचार शुरु हो गया है। मानव सेवा समिति से प्लेटलेट्स लेने के लिए भी लंबी कतार लगी रही। मेडिकल कालेज के सभी वार्डों में डेंगू के मरीज भर्ती हैं और यही हाल जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों का भी है।

अब तक शहर के 10218 घरों के सर्वे में 1257 घरों में लार्वा मिला। गुरुवार को भी 13 पानी टंकी, 29 कंटेनर, सात बेकार टायरों और तीन कूलरों में डेंगू का लार्वा मिला। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि अब डेंगू के मरीज कम निकल रहे हैं और तेजी से मरीज क्यों बढ़े, इसकी जांच के लिए कुछ सैंपल रैंडम जांच के लिए भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने पर कारण सामने आएगा। वहीं बचाव के लिए सर्वे और अन्य गतिविधियां बराबर चल रही हैं।



रैली से मलेरिया व डेंगू से बचाव का संदेश देते हुए लायनेस सदस्याएं। • नईदुनिया

## मलेरिया भगाओ जीवन बचाओ का नारा देते हुए निकाली रैली

मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों ने मानव जीवन को खतरे में डाल दिया है। कोरोना से हम लड़ ही रहे थे कि इन बीमारियों ने हमारे जीवन में तूफान ला दिया है। घर-घर में लोग बुखार, सर्दी-जुकाम से ग्रस्त होकर अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा तथा अपने इर्द-गिर्द व्याप्त गंदगी को दूर करते हुए इन रोगों से बचने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। यह बात लायंस आफ रतलाम द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित वाहन रैली के समापन पर उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कही। मलेरिया भगाओ जीवन बचाओ की लिखी हुई तख्तियां के साथ सदस्यों ने लायंस हाल से रैली निकालते हुए लोगों को स्वच्छता व सावधानी का संदेश दिया। दो बत्ती पर रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर मलेरिया और डेंगू से बचाव का संकल्प ग्रहण किया गया। प्रदीप लोढ़ा, डा. सुलोचना शर्मा, आलोक गांधी, गोपाल जोशी, अरविंद राजोरिया, बीके जोशी, आरती त्रिवेदी, सीमा भारद्वाज, मुबीना खान, पुष्पा वासन, संतोष जोशी, कोमल पोरवाल, रश्मि पुरोहित, कविता पुरोहित आदि उपस्थित थे। न.दु.

नईदुनिया 8/10/21

## पात्र हितग्राहियों को राशन दुकानों पर निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया

# जिले की 521 दुकानों पर मनाया अन्न उत्सव

**रतलाम।** मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के 20 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने गुरुवार को सेवा और समर्पण अभियान के तहत अन्न उत्सव का आयोजन किया। इस मौके पर पात्र हितग्राहियों को राशन दुकानों पर निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। थावरिया बाजार क्षेत्र में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा ने खाद्यान्न वितरित किया।

जिला महामंत्री निर्मल कटारिया ने कहा कि भाजपा गरीबों का दुख समझती है और इसीलिए संकट के समय हर बार उनके साथ खड़ी रहती है। संचालन पूर्व पार्षद मंगल लोढ़ा ने किया। आभार पूर्व महामंत्री गोपाल शर्मा ने माना।

मीडिया सहप्रभारी अरुण त्रिपाठी ने बताया कि सेवा और समर्पण अभियान के तहत अन्न उत्सव प्रभारी जिला महामंत्री संगीता चारेल के मार्गदर्शन में जिले की 521 दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को निशुल्क राशन वितरित किया गया। पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, मंडल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी, मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, करणधीर्य बड़गोत्या, धर्मेंद्रसिंह देवड़ा, हितेश कामरेड, पवन सोमानी आदि उपस्थित रहे।



आम्बा की उचित मूल्य दुकान पर हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न बैग वितरित करते हुए अतिथि। ● **नईदुनिया**

**हितग्राहियों को खाद्यान्न के बैग वितरित**

**आम्बा।** स्थानीय शासकीय उचित मूल्य दुकान पर अन्न उत्सव का आयोजन किया गया। हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया गया। भाजपा पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल साईराम, पाटीदार समाज अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार, ग्राम प्रधान मीराबाई चारेल, आम्बा पंचायत पीसीओ नोडल अधिकारी शराफत अली, जगदीश मईड़ा, सहायक प्रबंधक कालूराम पाटीदार, सेल्समैन पूनमचंद चौहान, आपरेटर अरविंद बैरागी, रतनलाल पाटीदार, वल्लभ जैन की उपस्थिति में हितग्राहियों को राशन व खाद्यान्न बैग वितरण किए गए।

**योजनाओं की जानकारी दी**

**रानीसिंग।** गांव की शासकीय उचित मूल्य दुकान पर विनोद गरवाल, भूलीबाई केरावत के आतिथ्य में अन्न उत्सव का आयोजन हुआ। अतिथियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए निशुल्क राशन वितरण किया। नोडल अधिकारी ए. खान, सेल्समैन गड्डूलाल गुर्जर, गुड्डू गरवाल, मोहन केरावत, प्रदीप जोशी आदि उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री को लिखे पोस्टकार्ड

**धामनोद।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अन्न उत्सव कार्यक्रम हुआ। साई बुद्धेश्वर उचित मूल्य दुकान पर पात्र हितग्राहियों को राशन के बैग वितरित किए गए। साथ ही हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री को पोस्ट कार्ड के माध्यम से संदेश भेजा गया कि गरीबों की चिंता प्रधानमंत्री ने की है। इसके लिए धन्यवाद। संकट के समय में प्रधानमंत्री हमारा सहारा बने, इसके लिए धन्यवाद। पालक बनकर हमारी चिंता की। हमारा पालन किया, इसके लिए धन्यवाद। भाजपा नामली मंडल महामंत्री गोविंद परिहार, मंडल उपाध्यक्ष देवीलाल गोरा, युवा मोर्चा मंडल मंत्री मनीष पाटीदार, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रहलाद पाटीदार, ईश्वरलाल भाटी, जगदीश बैरागी, महिला बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक विष्णु चौहान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा शर्मा, सेल्समैन निखिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक ने किया वितरण

**सैलाना।** क्षेत्र की राशन दुकानों पर अन्न महोत्सव का आयोजन किया गया। नगर में मां शारदा उपभोक्ता भंडार तथा मकोड़िया रुंडी की शासकीय राशन दुकान पर हितग्राहियों को पूर्व विधायक संगीता चारेल के आतिथ्य में राशन बैग का वितरण किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र जायसवाल, नाथूलाल राठौड़, मुकेश पाटीदार, अजय दायमा, अंबिका पाटीदार आदि की उपस्थित थे।

नईदुनिया 8/10/21

# जिले की वैक्सीनेशन मांग व आपूर्ति व्यवस्था प्रदेश में लागू करेंगे

**चर्चा**

- **राज्य स्तरीय दल ने की टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा**
- **दोनों टीके लगवाने से कोविड मृत्यु में 96% तक कमी लाई जाना संभव**

**रतलाम।** जिले में वैक्सीन की डिमांड और सप्लाई वाउचर आधारित व्यवस्था आदर्श है। इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। यह बात जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम एवं कोविड वैक्सीनेशन की मैदानी प्रगति की समीक्षा करने आए राज्य टीकाकरण अधिकारी भोपाल डा. संतोष शुक्ला ने कही। उन्होंने उप संचालक स्वास्थ्य सेवाएं उज्जैन संभाग डा. एमके तिवारी, डा. सुधीर सोनी, डा. रितेश बजाज, यूएनएनडीपी प्रतिनिधि डा. मनदीप के साथ स्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामों पर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर वास्तविकता जानी।

समीक्षा के बाद राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. शुक्ला की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय में बैठक डा. शुक्ला ने जिले में कोविड वैक्सीन का प्रथम डोज शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मोबाइल टीम द्वारा वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कोविड वैक्सीनेशन के लिए स्थायी टीकाकरण केंद्रों का चि-ह्नंकन किया जाए। दोनों टीके लगवाने से कोविड मृत्यु में 96 प्रतिशत तक कमी लाई जाना संभव है।

उन्होंने विकासखंड पर पदस्थ चिकित्सकों से उनकी समस्याएं पूछी और निराकरण करने की बात कही। बैठक में जिले जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील, डीएचओ डा. जीआर गौड, डीपीएम डा. अजहर अली तथा बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। नई

नईदुनिया 8/10/21

# मलेरिया भगाओ जीवन बचाओ का नारा देते हुए निकाली रैली

रतलाम। मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारियों ने हमारे संपूर्ण मानव जीवन को खतरे में डाल दिया है कोरोना से हम लड़ ही थे कि इन बीमारियों ने हमारे जीवन में तूफ़ान ला दिया है। घर-घर में लोग बुखार सर्दी जुकाम से ग्रस्त होकर अस्पतालों के चक्कर लगा रहे है ऐसे में प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा तथा अपने इर्द-गिर्द



व्याप्त गंदगी को दूर करते हुए इन रोगों से बचने के लिए हमें सख्त क़दम उठाने होंगे। उक्त विचार लायंस ऑफ रतलाम द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित वाहन रैली के समापन पर उपस्थित लायन सदस्यों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने व्यक्त किए। मलेरिया भगाओ जीवन बचाओ की लिखी हुई तख्तियां के साथ लायन सदस्यों ने लायंस हॉल से एक रैली निकालते हुए लोगों को स्वच्छता एवं सावधानी का संदेश दिया। इस अवसर पर मलेरिया और डेंगू से बचाव का संकल्प ग्रहण किया।

२१५

राज एक्सप्रेस 8/10/21

# शहर में 37 सड़कें नए सिरे से बनेंगी

## कलेक्टर ने बैठक में की समीक्षा, 15 अक्टूबर से सभी जगह पेंचवर्क भी शुरू होगा

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के मध्य क्षेत्र की प्रमुख 37 सड़कों को नए सिरे से बनाने के लिए अगस्त माह में जारी टेंडर में से छह सड़कों की टेंडर दर स्वीकृत की गई है। शेष सड़कों के टेंडर रेट ज्यादा होने से पुनः टेंडर किए जा रहे हैं। यह जानकारी गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तरणताल स्थित सभाकक्ष में ली गई समीक्षा बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि शहर में सभी सड़कों का पैचवर्क 15 अक्टूबर से शुरू कर दिया जाएगा।

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि पैंचवर्क कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए। समय सीमा में काम करने के लिए जहां ट्रैफिक रोकना हो रोका जाए। शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे सीमेंट कंक्रीट सड़कों में परिवर्तित किया जाए। नगर निगम कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा एक क्रेन किराए पर लेने के लिए निर्देशित किया गया।



नगर निगम अधिकारियों को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया

### तीन-चार दिन में बन जाएगी फूड पार्क की डीपीआर

फूड जोन के बारे में बैठक में बताया गया कि तीन-चार दिनों में डीपीआर तैयार हो जाएगी, उसके बाद टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी, साथ ही सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी।

### आयुक्त सुबह उठकर सफाई व्यवस्था देखें

कलेक्टर ने शहर में सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं दिख रहा है। कलेक्टर ने छत्री पुल के सामने की दुकानों के पीछे के हिस्से में गंदगी का भी जिक्र किया गया। निगम के पास पर्याप्त वाहन व अमला है। अब ढीला-ढाला काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को कलेक्टर ने निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह उठकर दो-तीन घंटे तक तीन से चार वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। इसी प्रकार उपयंत्री सत्यप्रकाश आचार्य को शाम को प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर विद्युत व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए।

### उपयंत्री मिश्रा की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश

कलेक्टर ने बताया कि शहर में मिनी स्मार्ट सिटी योजना में शास्त्री नगर फोरलेन, मैन पोस्ट आफिस से लोकेंद्र टाकीज फोरलेन तथा गुजरात स्वीट से रेलवे रेलवे सीनियर इंस्टिट्यूट तक टूलेन बनाया जाएगा। कलेक्टर स्पाट फाइन करने वाली टीम के प्रति भी नाराज रहे व निर्देशित किया के बगैर दबाव के स्पाट फाइन करें। किसी के साथ बदतमीजी नहीं करें, खासतौर पर महिलाओं के साथ सम्मान से पेश आएं। पुलिस कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी से पूरे शहर की जानकारी मिलती है। शहर में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम का एक कर्मचारी पुलिस कंट्रोल रूम पर तैनात किया जाए, वहां से कैमरे द्वारा वाच कर स्पाट फाइन किया जाए। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

### अवैध कालोनियों के मालिकों के नाम पता नहीं

शासकीय भूमि पर अवैध कालोनियों के विकास की समीक्षा में निगम आयुक्त ने बताया कि शहर में नगर निगम के अमले द्वारा 20 अवैध कालोनियां चिन्हित की गई है, लेकिन कार्रवाई के लिए भूमि स्वामियों के नाम-पते की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर द्वारा तत्काल सिटी एसडीएम को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि उक्त कालोनियों के भूमि स्वामियों के नाम, पते की सूची निगम को तत्काल उपलब्ध कराएं।

नईदुनिया 8/10/21

दल के सदस्य बोले नेता हस्तक्षेप करते, जवाब दिया किसी से नहीं डरो, मेरा नंबर दो

# एक की वेतन वृद्धि रोकी, कलेक्टर बोले, कोई काम के लायक नहीं

पत्रिका लाइव रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित तरणताल में गुरुवार दोपहर बार कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम निगम से जुड़े कार्यो की समीक्षा बैठक में काफी सख्त नजर आए। एक उपयंत्री की वेतन वृद्धि रोकी। सफाई पर नाराजी जताई, स्पॉट फाइन दल के सदस्य बोले साहब [illegible] कैसे जुर्माना करें, हर गली में तो एक नेता आ जाता है, जवाब में कलेक्टर ने कहा मैंरे होते किसी से डरने की जरुरत नहीं, ज्यादा कोई कुछ बोले तो मेरा नंबर दे देना।

दोपहर 3 बजे बाद समीक्षा की शुरुआत एक एक विभाग से हुई। सबसे पहले स्वच्छता के बारे में कलेक्टर ने बात की। इस दौरान सफाई व्यवस्था से इतने नाराज नजर आए कि उन्होंने कह दिया कि शहर के लोग इतने नाराज हैं कि उनका बस चले तो सभी को बर्खास्त कर दें। नगर निगम कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा एक क्रेन किराए पर लेने के लिए निर्देशित किया गया।



## अगले सप्ताह होंगे टेंडर

कलेक्टर ने कहा फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी। यहां सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी। फूड जोन के बारे में बताया गया कि तीन-चार दिनों में डीपीआर तैयार हो जाएगी। उसके बाद टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। शहर में सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की व कहा तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। निगम के पास पर्याप्त वाहन है, पर्याप्त अमला है, अब इस संबंध में ढीला ढाला काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिजली पोल पर अंधेरा की समीक्षा के दौरान उपयंत्री एसपी आचार्य को बोला वे शाम को प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर समीक्षा करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुलिस कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी से पूरे शहर की जानकारी मिलती है। शहर में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम का एक कर्मचारी पुलिस कंट्रोल रूम पर तैनात किया जाए।

शहर में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनियों के विकास की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के अमले द्वारा 20 अवैध कालोनियां चिन्हित की गई है, परंतु उनके विरुद्ध कार्यवाही के लिए भूमि स्वामियों के नाम पते की जरुरत है। कलेक्टर ने सिटी एसडीएम को कहा कॉलोनियों के भूमि स्वामियों के नाम पता की सूची निगम को उपलब्ध कराएं। शहर की सड़कों को सुधार के लिए भी कहा गया। बैठक में नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, उपयंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 8/10/21

दोनों टीके लगवाकर पूर्ण टीकाकरण से मिलेगी सुरक्षा

# कोविड टीकाकरण के लिए राज्य की टीम पहुंची रतलाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में नियमित कोविड टीकाकरण की वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए गुरुवार को राज्य टीकाकरण की टीम रतलाम पहुंची। टीम के द्वारा कोविड वैक्सीनेशन की प्रगति की मैदानी स्तर पर उपलब्धियों की जानकारी ली। टीम ने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामों पर जाकर हितग्राहियों से चर्चा कर नियमित टीकाकरण समीक्षा की।

समीक्षा के बाद प्रमुख बिन्दुओं के संबंध में राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. सन्तोष शुक्ला की अध्यक्षता में सीएमएचओ कार्यालय में बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश दिए गए। जिले में कोविड वैक्सीन का प्रथम डोज शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मोबाईल टीम द्वारा वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए उपलब्ध मानव संसाधन का शत प्रतिशत उपयोग किया जाए।

स्थायी टीकाकरण केंद्रों का चिन्हांकन करेगर्भवती माताओं के कोविड वैक्सीनेशन के लिए आशा, आशा सहयोगी, बीसीएम और धात्रीमाताओं के टीकाकरण के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं तथा अन्य लोगों के टीकाकरण के लिए स्कूली शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनसीसी, एनएसएस, स्व सहायता समूहों का सहयोग लिए जाने की बात कही।

मेडिकल कॉलेज में केंद्र चिन्हित करने के निर्देश दिए। वैक्सीन के दोनों टीके लगवाने से कोविड से होने वाली मृत्यु में 96 प्रतिशत तक की कमी लाई जाना संभव हैं। दल के अधिकारियों ने बताया कि जिले में नियमित टीकाकरण की मैदानी स्तर पर कार्यवाही के दौरान हाउस टू हाउस निरीक्षण में 50 में से केवल तीन बच्चों का टीकाकरण से छूटना पाया गया है।



## डिमांड और सप्लाई की व्यवस्था बेहतर

जिले में वैक्सीन की डिमांड और सप्लाई की वाउचर अधारित व्यवस्था आदर्श पाई गई। इस व्यवस्था को पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। टीकाकरण के लिए टेली कॉलिंग, ट्रेसिंग, ट्रेकिंग के आधार पर शत प्रतिशत टीकाकरण कराने की बात कही। विकासखंड पर पदस्थ चिकित्सकों से उनकी समस्याऐं पूछी और उनका निराकरण करने की बात कही । बैठक में जिले जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, डीएचओ डॉ. जीआर गौड, डीपीएम डॉ. अजहर अली तथा बीएमओ, बीपीएम बीसीएम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका

पत्रिका 8/10/21

**बड़ी राहत** • शहर की सभी सड़कों के पेचवर्क पर एक करोड़ होंगे खर्च, 37 सड़कों का नवीनीकरण होगा

# सड़कों का पेचवर्क 15 से, जनता को जर्जर रोड और गड्ढों से मिलेगी मुक्ति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जर्जर सड़कों से परेशान शहरवासियों के लिए राहत की खबर है। वह यह कि सड़कों का पेचवर्क 15 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। शहर की सभी सड़कों के पेचवर्क पर नगर निगम एक करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसके साथ ही 37 सड़कों की मरम्मत के साथ नवीनीकरण भी होगा। शुरुआत 6 सड़कों से की जाएगी। इसके बाद बारी-बारी से सभी 37 सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा ताकि लोगों को गड्ढों से मुक्ति मिल सके।

जिन 37 सड़कों की मरम्मत के साथ नवीनीकरण होना है उनके टेंडर जारी किए हैं। इसमें से 6 सड़क के टेंडर स्वीकृत भी हो गए हैं और जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी करने की तैयारी की जा रही है। शेष बची 31 सड़कों के टेंडर हुए थे लेकिन रेट ज्यादा होने से फिर से इनके टेंडर जारी किए जाएंगे। टेंडर होते ही वर्क आर्डर जारी किए जाएंगे ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द खराब सड़कों से राहत मिल सके। गौरतलब है कि शहर की जर्जर सड़कों को लेकर दैनिक भास्कर द्वारा लगातार समाचार प्रकाशित किए जा रहे हैं।

## दुर्दशा : 8 साल पहले बनी थी सड़क, रिपेयरिंग भी नहीं, अब गड्ढे ही गड्ढे

न्यू रोड और पॉवर हाउस रोड की सड़क सीसी बन गई है। इन दोनों को जोड़ने वाली शास्त्री नगर की सड़क 8 साल पहले बनी थी। इस सीसी रोड की हालत जर्जर हो गई है। साईं बाबा मंदिर के पीछे तो इतने गड्ढे हैं कि सड़क को ढूंढना पड़ता है। चार महीने पहले स्मार्ट सिटी के तहत रोड का काम शुरू हुआ था। खुदाई भी शुरू हो गई थी लेकिन फिर काम बंद कर दिया। सड़क बनाने के लिए खुदाई की थी उन गड्ढों को फिर भर दिया गया है।



**कलेक्टर बोले-जहां ट्रैफिक रोकना हो रोका जाए-** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को निगम के कार्यों की समीक्षा की। तरणताल हाल पर हुई इस समीक्षा बैठक की शुरुआत कलेक्टर ने सड़कों के मुद्दे से की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि शहर में सड़कों का पेचवर्क अतिशीघ्र आरंभ करें। सड़कों का पेचवर्क आगामी 15 अक्टूबर से आरंभ कर दिया जाए। जिन सड़कों के टेंडर रेट ज्यादा आए हैं। उनके पुनः टेंडर जारी किए हैं। पेचवर्क कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए, समय सीमा में काम करने के लिए जहां ट्रैफिक रोकना हो रोका जाए, बैरिकेटेड आवश्यक हो तो लगाए जाएं।

**शहर की डामर की सड़कें सीसी में होंगी परिवर्तित -** सड़कें खराब ना हो और इसकी गुणवत्ता लंबे समय तक रहे। इसके लिए डामर की सड़कें सीमेंट कांक्रीट रोड में परिवर्तित होंगी। बैठक में कलेक्टर ने निगम के अफसरों को निर्देश दिए कि शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे के सीमेंट कांक्रीट सड़कों में परिवर्तित किया जाए, इससे सड़कें स्थायी गुणवत्ता वाली रहेंगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, श्याम सोनी, उपायुक्त विकास सोलंकी आदि उपस्थित थे।

**भास्कर इश्यू**


ऐसी हैं आम और खास की सड़कें...

3 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।


खराब सड़कों को लेकर कलेक्टर हुए सख्त सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को हटाया

5 अक्टूबर को प्रकाशित खबर।

भास्कर

दे. भास्कर 8/10/21